हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023



# मान-मनौव्वल के लिए सचिव ने बुलाई बैठक, व्यापारियों ने वापस लिया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी के सचिव की मनमानी से नाराज मंडी व्यापारी संघ द्वारा बुधवार को खरीदी-बिक्री बंद कर हड़ताल की गई। हड़बड़ाए मंडी सचिव सुरेश चौरे ने आनन-फानन में मान-मनौव्वल के लिए व्यापारियों की बैठक काल की। इस बैठक में व्यापारियों ने अपनी जमकर भड़ास निकाली। व्यापारियों ने साफतौर पर कहा कि वे हर काम के लिए पैसे नहीं दे सकते। करीब दो घंटे तक चली बैठक के बाद सचिव ने आश्वस्त किया कि अब ऐसी दिक्कतें नहीं आएगी, तब कहीं जाकर व्यापारियों ने अपना आंदोलन वापस लिया।

उल्लेखनीय है कि कृषि उपज मंडी में पिछले लंबे समय से सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापारियों, हमाल, रेजा और मजदूरों में काफी नाराजगी देखी जा रही थी। दफ्तर में सचिव सुरेश चौरे के आने और जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। वहीं कामों को केंद्रीयकृत कर व्यापारियों को परेशान भी किया जा रहा था। इस मामले को लेकर मंडी व्यापारी संघ ने एक बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार की। व्यापारी संघ ने बुधवार से अनिश्चिकालीन बंद का आह्वान किया। बुधवार को कृषि उपज मंडी में व्यापारियों ने अनाज की कोई खरीदी-बिक्री नहीं की। अनिश्चिकालीन बंद की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन भी हरकत में आया। बताया जाता है कि इस मामले को लेकर कलेक्टर ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। आंदोलन के बीच सचिव श्री चौरे ने आनन-फानन में व्यापारियों की एक बैठक काल की। इस बैठक में उन्होंने व्यापारियों को हो रही दिक्कतों की जानकारी ली। बैठक में सचिव ने बताया कि आचार संहिता के लागू होने के कारण मंडी समिति की बैठक नहीं हो सकी। जिसके कारण प्रकरण पेंडिंग रहे। सचिव श्री चौरे ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उन्हें अब कोई दिक्कतें नहीं आएगी, तब कहीं जाकर व्यापारियों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया।

## सचिव को हटाने की मांग को लेकर बंद रही कृषि उपज मंडी

### आज से खुलेगी मंडी

मंडी में व्यापारियों की हड़ताल के कारण आज दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। दूर-दराज से यहां अपनी उपज बेचने आए किसानों को भी अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया। बैठक के बाद जब व्यापारियों ने अब आंदोलन वापस ले लिया है। कल से मंडी में अनाज की खरीदी-बिक्री फिर शुरू हो जाएगी।



### दूर की तकनीकी दिक्कतें

मंडी में कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण व्यापारियों को असुविधा हो रही थी। बैठक कर मामले को सुलझा लिया गया है। कल से मंडी में कामकाज फिर से शुरू हो जाएगा।

- सुरेश चौरे, मंडी सचिव

### बैठक में लिया निर्णय

मंडी सचिव ने बैठक में अपनी कार्यप्रणाली को बदलने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद आंदोलन वापस ले लिया गया है।

- पम्पी अग्रवाल, अध्यक्ष, पोहा-मुरमुरा व्यापारी संघ

## उधारी राशि मांगने पर हुआ विवाद, बेटे और दोस्तों के साथ मिलकर की थी हत्या

# दो साल बाद सुलझी हत्या की गुत्थी, ब्रेन मैपिंग टेस्ट की मदद से पकड़ाए आरोपी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव/डोंगरगढ़

दो साल पहले जिले के डोंगरगढ़ शहर निवासी रमेश बंधु की हत्या मामले को आखिरकार पुलिस ने सुलझा लिया है। दो साल तक चली जांच, दर्जनभर संदेहियों से पूछताछ और दो आरोपियों के ब्रेन मैपिंग टेस्ट के बाद इस मामले में आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जांच में सामने आए तथ्य अनुसार हत्या उधारी राशि मांगने को लेकर हुए विवाद के कारण की गई है। बताया गया कि आरोपी महेश सोनी ने गांव में घर बनाने के लिए मृतक रमेश बंधु की हार्डवेयर दुकान से उधारी सामान लिया था। जिसकी वसूली के लिए ही रमेश बंधु समय-समय पर आरोपी महेश सोनी के घर पहुंचकर राशि मांगता था। आरोपी बार-बार राशि मांगने आने से परेशान हो गया था और इसी बीच 24 जून 2021 को इस मामले को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद मुख्य आरोपी महेश सोनी ने इस पूरे हत्याकांड की प्लानिंग की और अपने पुत्र राहुल सोनी, साथी सूरज वर्मा और अजय शर्मा के साथ मिलकर इसे अंजाम दिया। हालांकि दो साल बाद अब चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस को सफलता दिलाने के पीछे निरीक्षक संतोष ठाकुर, सउनि तान खान, रोहित पड़ोती, परिवेश वर्मा, गुलशन कंवर और थलेश देशमुख की अहम भूमिका रही।

### दो साल पुराना मामला

पुलिस के अनुसार श्रीनिवास जनबंधु निवासी डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके छोटे भाई रमेश जनबंधु 24 जून 2021 को अपनी मोटर साइकिल से बिल्डिंग मटेरियल सामान का पैसा वसूलने ग्राम बछेराभाठा जा रहा हूं, कहकर निकला था, जो घर वापस नहीं आया है। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन किया गया। इस दौरान 28 जून 2021 को ग्राम राउरकसा डेम (थाना बोरतलाव) के उपर सड़ी-गली अवस्था में एक लाश मिली। जिसका रमेश जनबंधु के रूप में शिनाख्ती हुई।



### जेल भेजे गए सभी आरोपी

पुलिस ने मामले में चारो आरोपी महेश सोनी, उसका पुत्र राहुल सोनी, अजय शर्मा और सूरज वर्मा के खिलाफ धारा 302, 201, 120-बी, 193 और 34 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। हत्या में उपयोग की गई कुल्हाड़ी को भी डेम के पास से जब्त कर लिया गया है। आरोपियों ने पकड़ाने से बचने के लिए मृतक की बाइक को भी बछेराभांटा के बुनकर तालाब में डूबो दिया था।

### जंगल में छिपे थे साथी, मिलकर मारा

*मुख्य आरोपी ने पुलिस को बताया कि योजना बनाकर इस हत्या को अंजाम दिया गया। जिसमें आरोपी महेश सोनी ने उधारी की राशि देने के नाम पर मृतक रमेश बंधु को मुक्तिधाम में बुलाया। इसी दौरान बात करते-करते उसे बहलाकर राउरकसा डेम की तरफ ले गया। योजना के अनुसार वहां पहले से ही तीन अन्य आरोपी जंगल में छिपे हुए थे। जैसे ही मृतक और मुख्य आरोपी घटनास्थल पर पहुंचे, चारों ने मिलकर उस पर कुल्हाड़ी और डंडा से वार शुरू कर दिया। इसी दौरान रमेश बंधु की मौत हो गई।*

### हत्या से करते रहे इंकार, ब्रेन मैपिंग में पकड़ाए

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2021 में दर्ज हुए इस प्रकरण की जांच के दौरान ही कई लोगों से पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी महेश सोनी, सूरज वर्मा भी शामिल थे, लेकिन उस दौरान पूछताछ में इन्होंने हत्या करने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद लगातार सामने आते तथ्य को देखते पुलिस ने इन दोनों का ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराने का फैसला लिया। जिसमें हत्या का मामला सामने आ गया। टेस्ट की रिपोर्ट आने बाद जब दोनों आरोपियों से दबाव डालकर पूछताछ की गई तो उन्होंने पूरा प्लान बताते हत्या करना स्वीकार किया।

## विस चुनाव में उपेक्षा से थे नाराज

# डोंगरगढ़ शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया अपने पद से इस्तीफा

- शहर में कांग्रेस प्रत्याशी 6 हजार मतों से रही पीछे, ली हार की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राज्य में भाजपा की सरकार आसीन होते ही कांग्रेस में लगी इस्तीफों की झड़ी के बीच अब डोंगरगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री गोमास्ता ने पार्टी अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया है कि उन्हें विस चुनाव में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी, फिर भी उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हर्षिता गोस्वामी को जीताने में मेहनत की। शहर में कांग्रेस प्रत्याशी करीब छह हजार मतों से पीछे रही। इसकी जवाबदारी आज तक किसी ने नहीं ली। यही कारण है कि उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा दिया है।

श्री गोमास्ता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि डोंगरगढ़ शहर में चुनाव संचालन और कार्यालय संचालन का काम अन्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई और न ही इसकी जानकारी दी गई।

शहर में कांग्रेस छह हजार वोटों से पीछे रही, जिन लोगों के हाथों में यह जिम्मेदारी थी, उन्होंने अभी तक कोई जवाबदारी नहीं ली। यही कारण है कि ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते इस्तीफा दिया है।

### नामांकन के दिन काटी टिकट

श्री गोमास्ता पिछले आठ सालों से कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि पिछले पांच साल के कांग्रेस सरकार के दौरान उनकी लगातार उपेक्षा की गई। सरकारी और अन्य कार्यक्रमों की उन्हें सूचना तक नहीं दी गई। ब्लॉक अध्यक्ष रहते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उन्हें पार्षद प्रत्याशी घोषित किया, लेकिन नामांकन के बाद उनकी टिकट भी काट दी गई। उन्होंने कहा कि लगातार उपेक्षा के बाद भी उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को जीताने के लिए मेहनत की।

### दिया है इस्तीफा

मैंने डोंगरगढ़ शहर में कांग्रेस की हार की नैतिक जिम्मेदारी ली है। पार्टी फोरम में मैंने अपनी बातें कही है। उसे सार्वजनिक नहीं करना चाहता।

- संजीव गोमास्ता
अध्यक्ष, डोंगरगढ़ कांग्रेस

0 **राजनांदगांव**। तापमान में लगातार गिरावट होने के चलते शाम होते ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में सन्नाटा पसरने लगा है। ठंड से राहत पाने लोग गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे हैं।

बरडिया
ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगांव
☎ 07744-407161
हॉलमार्क
ज्वेलरी
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

## माए एंगल




# अयोध्या से आए कलश के साथ आज शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति द्वारा रामपूजित अक्षतों के साथ कलश यात्रा कल 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी। मंत्रोचारित इन अक्षतों को माताएं एवं बहनें 108 कलशों में धारण कर इस कलश यात्रा में शामिल होंगी।

कलश यात्रा महावीर चौक से जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक से मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुद्वारा तक जाएगी। गुरुद्वारा से इन कलशों का विभिन्न बस्तियों एवं जिले के मंडलों में वितरित किया जाएगा।

कलश यात्रा में शामिल होने वाली माता एवं बहनों से अनुरोध किया गया है कि वह पीले एवं लाल कलर के पारंपरिक परिधान में आकर इस पवित्र कलश को धारण कर सकते हैं। विभिन्न बस्तियों एवं मंडलों में जाकर इन कलश के रामपूजित अक्षतों को प्रत्येक सनातनियों के घरों में भव्य रामलला मंदिर में आने के निमंत्रण के तौर पर दिया जाएगा। यह अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाला है, जिन मार्गों से यह पवित्र कलश यात्रा जाएगी, उन मार्गों में सनातन धर्म को मानने वाले समस्त जनमानस इस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत कर सकते हैं।

### बस्तियों के मंदिरों में जाएगा कलश

इस कलश यात्रा में शामिल होने विभिन्न बस्तियों से माताएं एवं बहनों ने आने की सूचना दी है। कलश यात्रा का समापन पुराना अस्पताल चौक गुरुद्वारा में होने वाला है। गुरुद्वारा से नगर की 21 बस्तियों के लोग धूमधाम से भजन गाते हुए श्रद्धापूर्वक इन कलशों को अपने बस्ती के प्रमुख मंदिर में ले जाने की योजना बना रहे हैं।

### 22 को होगा उदघाटन

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्रतिमा स्थापित होने वाली है। अयोध्या में बना रहे इस भव्य राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को सुबह 11 बजे करने वाले हैं। इस अवसर पर पूरे देश में घर-घर राममय माहौल बनते जा रहा है।

### प्रभातफेरी का आयोजन

इस कार्यक्रम को लेकर शहर में अभी से राममय माहौल निर्मित हो गया है। शहर के विभिन्न वार्डो में अल सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। वहीं मंदिरो में रात को भजन का कार्यक्रम भी हो रहा है। इस पूरे आयोजन को लेकर लोगों में भक्ति का माहौल निर्मित है।

# अतिक्रमण हटाने दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित शहर के व्यस्तम मार्गों में अधिकतर दुकानदारों द्वारा अपने दुकानों के बाहर सामान रखने तथा दुकान संचालन करते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है। उक्त क्षेत्र से दुकानों के अतिक्रमण हटाने एवं जब्ती की कार्रवाई करने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर उपायुक्त मोबिन अली ने टीम का गठन किया है। टीम के प्रभारी अधिकारी राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल को बनाया गया है एवं प्र. सहायक अभियंता दिलीप मरकाम तथा अन्य कर्मियों को सहायक का दायित्व सौंपा गया है। गठित टीम शहर के व्यस्तम मार्गों के दुकानदारों को अपना सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस देंगे। अपालन पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। टीम के सदस्य आज पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्ग गुडाखू लाइन में पैदल भ्रमण कर दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने एवं सामान दुकान के अंदर रखकर व्यवसाय करने की अपील की। इन्हीं बातों को आज निगम की टीम व्यपारियों को उनके दुकान में जाकर दुर्घटना रोकने एवं शहर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने व्यापारियों से अपील की है।

उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गो सिनेमा लाइन, हलवाई लाइन, सदर लाइन, गुडाखू लाइन, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, जूनीहटरी, फल मार्केट सहित अन्य मार्गों के दुकानदारों द्वारा सामान बाहर रखकर एवं सामान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है। टीम द्वारा आज गुड़ाखू लाइन में भ्रमण कर सामान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिए।

# शहर में निकली क्रिसमस रैली, गूंजा मसीही गीत, झांकी रहा आकर्षण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर मसीही समुदाय की ओर से बुधवार को मसीह समाज द्वारा भव्य क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया है। इस दौरान मसीही गीत की गूंज रही। बाजे-गाजे के बीच लोग थिरककर खुशियां बांटते रहे।

क्रिसमस पर्व के परिप्रेक्ष्य में शहर में बुधवार शाम वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड के प्रांगण से भव्य क्रिसमस रैली संध्या निकाली गई। इस दौरान बाजे-गाजे का माहौल रहा। रैली में प्रभु यीशु से संबंधित भव्य झांकी का निर्माण किया गया था। रैली के दौरान मसीही गीत की गूंज रही। यह रैली शहर के मुख्य मार्ग कामठी लाइन, भारत माता चौक, बसंतपुर थाना, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाइन, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए चर्च कैम्पस के प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई

इस अवसर पर विभिन्न चर्च के पुरोहितों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर प्रवचन दिया गया एवं इस रैली में मसीही गीत गाए गए।

ज्ञात हो कि क्रिसमस पर्व को लेकर चर्च में विशेष साज-सजावट की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में कल शहर में बाइक रैली भी निकाली गई। क्रिसमस पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की तैयारी है।

## प्रदेश स्तर से मिले दिशा-निर्देश, मॉकड्रील कर विभाग ने की तैयारी

# कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर चिंता...जिले में रोजाना होंगे 100 आरटीपीसीआर टेस्ट, इलाज के लिए बेड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के एक राज्य में कोरोना के नए वैरिएंट का मरीज मिलने के बाद अब सभी तरफ सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी कर अलर्ट रहने हिदायत दी है। इस निर्देश के बाद ही जिला स्वास्थ्य विभाग भी एक्शन में आ गया है।

जिले में आज से आरटी-पीसीआर जांच की फिर से शुरूआत होने जा रही है। रोजाना सौ टेस्ट करने टारगेट तय किया गया है। हालांकि शुरूआती दौर में केवल लक्षण वाले लोगों के ही टेस्ट किए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर विभाग ने संक्रमित मिलने के बाद मरीजों के इलाज की व्यवस्था पर भी फोकस करना शुरू कर दिया है। टेस्ट की तैयारी को लेकर सभी सरकारी अस्पताल के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैयारी की गई है। इसके साथ ही अस्पताल में बेड की व्यवस्था पर भी काम शुरू कर दिया गया है। पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 350 बेड तैयार है। साथ ही ऑक्सीजन प्लांट को भी शुरू कर जांच की गई है।

*दवा का इंतजाम करने निर्देश : प्रदेश स्तर से निर्देश जारी कर सभी सरकारी और निजी अस्तपाल में पर्याप्त दवा और इलाज के लिए उपकरण की व्यवस्था करने निर्देश दिए गए हैं।*



### दिशा-निर्देश मिले

प्रदेश स्तर से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार जिले में तैयारी कर ली गई है। लक्षण वाले लोगों की जांच भी की जाएगी।

- ए. बंसोड़
सीएमएचओ

### पॉजिटिव मिलने पर रायपुर में होगा टेस्ट

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों को रोजाना 100 आरटी-पीसीआर टेस्ट करने के निर्देश जारी किया गया है। इसके साथ ही जिस जिले में संक्रमित मरीज सामने आएगा, उसका सैंपल लेकर रायपुर स्थित एम्स अस्पताल भी भेजा जाएगा। उस सैंपल का जिनोम सिक्वेंसिंग कर यह पता लगाया जाएगा कि कौन सा वैरिएंट का मरीज मिला है। इसको लेकर भी प्रदेश स्तर से सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया गुरू घासीदास की जयंती

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत रामाटोला के सतनामी पारा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम समाज के लोगों ने दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया। भजनों और पंथी नृत्य के साथ गांव में रैली निकाली गई, जो प्रमुख चौक चौराहों से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। यहां विधायक दलेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह ने रैली का स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न पंथी दलों ने आकर्षक पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी।

### कबड्डी स्पर्धा में भुरसाटोला टीम विजेता



**बोरतालाब।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम, रक्षित निरीक्षक अरविन्द साहू के मार्गदर्शन बीते दिनो बोरतलाव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रथम स्थान भुरसाटोला, द्वितीय पीटेपानी, तृतीय सोरीटोला और चतुर्थ स्थान हासिल करने पर अण्डी टीम को शील्ड एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बोरतलाव, सोरीटोला, कौहापानी, पनियाजोब, भेलवाटोला, दमऊदहरा, बरनाराकला, भूरसाटोला, पीटेपानी, डुमरटोला, अण्डी, मांगीखुटा, बागरेकसा, ठाकुरटोला, पिपरखारकला, कोटनापानी, गांधीनगर के खिलाडियों को जर्सी एवं सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 ग्रामीण व कबड्डी खिलाड़ी शामिल हुए। इस दौरान एसडीओपी आशीष कुंजाम, रक्षित निरीक्षक अरविन्द साहू, असिस्टेंट कमाडेंट आईटीबीपी विजेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी संतोष कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### स्पेशलाइजेशन कोर्स प्रारंभ



**डोंगरगढ़।** आईटीबीपी के सेनानी अनंत नारायण दत्त ने सामरिक मुख्यालय डोंगरगढ़ में सोमवार से सेकेंडरी स्किल स्पेशलाइजेशन कोर्स का शुभारंभ किया गया। यह कोर्स सामरिक मुख्यालय के साथ-सभी सीओबी में चलाया जा रहा है जिससे बल के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेनानी ने बताया कि यह कोर्स बल के जवानों के लिए महत्वपूर्ण है।

### कांग्रेसजनों ने वोरा को किया नमन

**गंडई पंडरिया।** गंडई ब्लाक



कॉंग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मोतीलाल वोरा की जयंती मनाया गया। उनके चित्र पर फूल माला अर्पित करते हुए नमन किया गया। इस दौरान बताया गया कि स्व. वोरा ने अपने लंबे राजनैतिक जीवन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तरप्रदेश में राज्यपाल तथा केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री रहे। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष रमेश साहू, अध्यक्ष चेतन देवांगन, हबीब खान, पार्षद दिलीप ओगरे, नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकर, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, एनएसयूआई के वेदांत, अमन, पुलेंद्र व अन्य उपस्थित थे।

### सुरेश कुमार दुबे का निधन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे के पिता सेवानिवृत्त डीई टेलीफोन सुरेश कुमार दुबे का रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया है। वे कुछ दिन से अस्वस्थ थे। उनकी परमधाम यात्रा उनके निज निवास सुभाष नगर दुर्ग से प्रारंभ होकर अंतिम संस्कार दुर्ग शिवनाथ नदी तट मुक्तिधाम में कल 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे की जाएगी।

---

### प्रशासनिक अधिकारी दफ्तरों के अंदर सिमटे

# स्टेट हाईवे जर्जर, सफर खतरनाक हादसों से लोगों के टूट रहे हाथ-पैर

### नागरिक और क्षेत्रवासियों में चिंता की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्टेट हाइवे के जर्जर होने और बेलगाम यातायात व्यवस्था के चलते क्षेत्र में आए दिन हादसे हो रहे हैं। लगातार घटनाओं से लोग चोटिल होने के साथ अपनी जान भी गंवा रहे हैं किन्तु लोक निर्माण विभाग न सड़क को दुरूस्त कर रहा हैं और न ही पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन यातायात में आने वाली बाधाओं को दूर करने की कोशिश कर रहा हैं।

शहर सीमा में जब से सड़क चौडीकरण का काम किया जा रहा है तब से आए दिन छोटे- बड़े हादसे हो रहे हैं। स्थिति यह आ गई है कि घर से जब कोई बाहर निकलता तो परिजन उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हो जाते हैं। व्यक्ति के सही सलामत वापस लौटने पर राहत की सांस लेते हैं। जानकारी के अनुसार बीते दिनों अमलीडीह के पास ऑटो और बाइक की टक्कर में बीजाभाठा निवासी प्रवीण साहू और नगर का मनीष सोनी घायल हो गए। ऑटो में सवार लोग भी जख्मी हो गए थे। इससे पहले ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 2385 निर्माणधीन डिवाइडर में चढ़ गया था। इसी प्रकार तिगाला पेट्रोल पंप के आसपास कई बाइक सवार स्लिप होकर घायल हो चुके हैं।



**ट्रक की टक्कर से मौत** अर्जुनी में बीते दिनों ट्रक ने बाईक सवार रूपाकाठी निवासी केशव यादव को टक्कर मार दिया था। इस घटना में बाईक के पीछे बैठा डुमेन्द्र हल्बा उछल कर गिर गया लेकिन केशव की मौके पर ही मौत हो गई थी। आए दिन दुर्घटना होने से गुस्साए ग्रामीणों ने घंटो चक्काजाम आंदोलन किया था।

#### स्टेट हाईवे खस्ताहाल

चौड़ीकरण कार्य शुरू होने के बाद से शहर सीमा में स्टेट हाईवे खतरनाक हो गई है। वहीं राजनांदगांव की ओर सिंगारपुर से जंगलपुर तक स्टेट हाइवे की स्थिति डब्ल्यूबीएम सड़क जैसी हो गई। पैरी नदी से रामपुर तक सड़क का डामर उखड़ने जहां तहां गढ्ढे हो गए है। स्थिति यह है कि सफर के दौरान अच्छा भला इंसान दर्द से कराहने लगता है वहीं वाहन बैलेंस बिगड़ने से अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

---

## भाजपा को याद दिलाने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधानसभा चुनाव में किसानों से किए गए 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर पर 21 क्विंटल धान खरीदने के वादे पर अब तक अमल नहीं करने पर कांग्रेसजनों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद भी अब तक उक्ताशय का आदेश जारी नहीं किया गया है। कांग्रेस के ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर अध्यक्ष संजीव गोमास्ता के नेतृत्व और पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महिला अध्यक्ष लता साहू, युवा अध्यक्ष सोहल खान, फिरंगी पटेल, हरीश भंडारी, केशव वर्मा, राजू राजपूत, सतानंद कंवर, रिम्मी भाटिया, गौतम वर्मा, अनिल मेश्राम, टुमेश नेताम, दशरथ ठाकुर, अमरीश टांडिया, मदनलाल सिन्हा, ललित चेलक, जितेंद्र सिंह भाटिया, मूलचंद साहू, घनश्याम साहू, तेजराम कुंजाम आदि मौजूद थे।

### जैन मंदिर से चोरी करने वाला गिरफ्त में

**डोंगरगढ़।** शहर के गोल बाजार स्थित जैन मंदिर के लाखों के जेवरात की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ माह पहले जैन मंदिर से 15 तोला सोने का छत्र सहित अन्य जेवरात की चोरी हुई थी। इसके अलावा चंद्रगिरि क्षेत्र में आने वाले भक्तों के गहनों की चोरी का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर चोरी किए गए जेवरातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पकड़ा गया आरोपी हैदर अली निवासी राजनांदगांव पहले भी लूट और चोरी जैसे अपराधों में लिप्त रहा है।

---

## मरावी ने किया देवी दर्शन



■ अपनी जीत को बताया माता का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रेमनगर क्षेत्र के विधायक भुलन सिंह मरावी ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया।

वह जीतने के बाद देवी दर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वह विधानसभा चुनाव के पहले भी दर्शन करने आए थे। माता के आशीर्वाद से भाजपा से टिकट मिली और वह कांग्रेस के मंत्री को 30 हजार से अधिक मतों से हराने में कामयाब रहे। डोंगरगढ़ पहुंचे श्री मरावी का पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रिंस कक्कड़, प्रकाश बिंदल, गिरिश साहू ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर संतसिंग, अखिलेश गडेवाल, राजेश्वर तिवारी, महादेव सिंग, सागर सिंह, मनीष चक्रवर्ती, गन्नी निषाद, अमन कक्कड़, सुमित ताम्रकर सहित अन्य उपस्थित थे।

---


## चना का रकबा घटा, किसानों का झुकाव गेहूं की ओर

### बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

बीते सप्ताह बारिश होने के बाद से रबी फसल का बोआई कार्य पिछड़ा हुआ है। अब तक करीब सत्तर फीसदी खेतों में फसल बोआई हो चुकी है। इस साल चना, अरहर की अपेक्षा गेहूं फसल का रकबा बड़ा है। बारिश के चलते चना फसल की स्थिति कमजोर बताया जा रहा है।

खेत में अनायास चना के पौधे सुख कर मुरझाने लगे हैं। किसान कृषि विस्तारक से सलाह लेकर दवा का छिड़काव कर रहें है जो कारगार साबित नही हो रही है। किसानों ने बताया कि बीते तीन साल से चना का उत्पादन घटा है इसीलिए गेहूं में रुचि ले रहे हैं। इसी तरह सप्ताह भर के खराब मौसम ने अरहर में लगे फूल को प्रभावित कर दिया है। मौसम खुलने के बाद चना, अरहर में इल्लियों का प्रकोप देखा जा रहा है। मौसम को देखते हुए क्षेत्र के किसान इस बार गेंहू फसल की बोआई पर अधिक रुचि ले रहे हैं। गेंहू बीज की मांग को देखते हुए बाजार में बीज की कीमत बीस से तीस प्रतिशत अधिक हो गई है। किसानों द्वारा हाईब्रिड बीज की मांग अधिक की जा रही है। किसानों की मांग के अनुरुप सोसायटी में डीएपी, यूरिया खाद का स्टाक काफी कम है।



#### टमाटर की आवक बढ़ी

इस क्षेत्र के किसान एक बड़े रकबा पर टमाटर की खेती करते है। बारिश के बाद से टमाटर की आवक बढ़ गई है जिसके चलते कीमत में कमी आई है। मंगलवार- बुधवार को प्रति कैरेट टमाटर सौ रुपये के आसपास था। किसानों ने बताया कि कीमत में कमी के चलते लागत, वसूलना मुश्किल हो गया है। वही सेमी, गोभी, बरबटी, भाटा की आवक कम है।

#### फसल प्रभावित

ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि बेमौसम बारिश ने चना, अरहर, मसुरी फसले प्रभावित हुई है। गेहूं सहित अन्य रबी फसलों में खाद के साथ सल्फर, जिंक का प्रयोग करने से लाभ मिलेगा।

#### बीमा के लिए दस दिन शेष

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसल का बीमा कार्य शुरु हुए पखवाड़े भर होने को है। अब किसान के पास बीमा कराने के लिए मात्र 10 दिन और हैं। ऋण एवं अऋणी किसान बीमा का लाभ ले सकते है। सेवा सहकारी समितियां गांव गांव में मुनादी कर किसानों को बीमा कराने की अपील कर रही है। मौसम के उतार चढ़ाव को देखते हुए किसान सोसायटी एवं आन लाईन बीमा करा रहे है। सोसायटी में अब तक दस फीसदी किसानों का बीमा फार्म जमा होने की जानकारी है।

---

## वादों और मांगों पर चर्चा



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने विधानसभा सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव के पूर्व शहर की जनता से किए गए वादे और मांग के अनुरूप विकास कार्यों पर चर्चा की।

---

### बुद्धुभरदा में हुआ आयोजन

# रासेयो शिविरार्थियों ने किए गांव में रचनात्मक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 7 दिवसीय विशेष शिविर बुद्धुभरदा में 9 से 15 दिसंबर तक नशामुक्त समाज के लिए युवा शीर्षक के तहत प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने शिविर में किए जाने वाले कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने स्वागत भाषण देते कहा कि विद्यार्थी शिविर में आकर श्रम का महत्व जानते हैं, समय प्रबंधन से अवगत होते है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रज्ञा गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी गांव में प्रतिकूल परिस्थिति को भी अनुकूल बना लेते है। सहायक प्राध्यापक डॉ. निर्मला उमरे, सरपंच रोशन बंजारे, सरपंच कमलेश साहू ने भी अपने विचार रखे। अंतिम दिवस शिविर का समापन हेमचंद यादव विवि दुर्ग के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने कहा कि दुर्ग विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना नए-नए कीर्तिमान अर्जित कर रहा है। कम बजट व कम संसाधनों में समाज में जनजागरूकता लाने का कार्य करते है। गांवों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें सही मंच व दिशा देने की जरूरत है। डॉ. आरपी अग्रवाल ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय में 184 इकाई है, विद्यार्थी गांव में रहकर अपने शिक्षा द्वारा समाजसेवा करते है, समाज से शिक्षा ग्रहण करते हैं।




#### श्रेष्ठ शिविरार्थी सम्मानित

प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा गांव में जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से संदेश दिया। स्वच्छता, नशामुक्ति, स्वास्थ्य, शासन की योजनाओं को अपनाकर देश के विकास में भागीदार बन सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. केएल टांडेकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. एसआर कन्नोजे ने शिविर में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत किया। समापन समारोह में प्रस्तुत किए गए गांव के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की प्रशंसा करते उन्हें 1000 नगद पुरस्कार कुलपति ने प्रदान किया। ग्राम पंचायत की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना को शील्ड व स्वसहायता समूहों की ओर से उपहार दिए गए। स्कूलों में कराए गए खेल व निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार बांटे गए। शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

---

## घासीदास बाबा को नमन



**डोंगरगढ़।** वार्ड 21 में बाबा घासीदास की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने जैतखाम की पूजा अर्चना कर पताका फहराया। उन्होने बताया कि बाबा के मनखे -मनखे एक समान के मानव जन की कल्पना को जोड़कर हर व्यक्ति को भाईचारे के साथ रहते हुए समाज के उत्थान एवं विकास की परिकल्पना करनी चाहिए। इस अवसर पर रामकृष्ण कन्नौजिया, अमित जैन, तुलसी मिश्रा, परविंदर सिंग मोन्टी, शिवा यादव, विजय भगत, नागेश कंडरा, करन देशलहरे, रत्नीबाई, बंशी कुर्रे, सुमित ताम्रकर, सुरेश कुर्रे, दसरू निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराजा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आज

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 21 दिसंबर को 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत करमतरा एवं ढाढूटोला में सुबह 9 बजे से एवं खुर्सीपार व बुटाकसा में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत ढब्बा में 9 बजे से एवं कोराचा में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला ग्राम पंचायत कुल्हारदोह में 9 बजे से एवं उरवाही में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे।

### अतिक्रमण हटाने 96 दुकानदारों को नोटिस

**छुरिया।** नगर पंचायत छुरिया क्षेत्र के बंजारी सड़क एवं डोंगरगांव सड़क मार्ग के किनारे व्यवसाय कर रहे करीब 92 फुटकर व्यापारी एवं दुकानदारों को प्रशासन की टीम ने 24 घंटे के भीतर अपना अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की है। तहसीलदार, नगर पंचायत सीएमओ और पुलिस की संयुक्त टीम ने आज दौरा कर यह निर्देश जारी किए है। प्रशासन की कार्रवाही से खलबली मची हुई है। उल्लेखनीय है कि नगर में बंजारी सड़क मार्ग एवं डोंगरगांव सड़क मार्ग में लगातार बढ़ते अतिक्रमण को मुक्त कराने का प्रशासनिक अमले ने मुहिम छेड़ी है । जहां इन सड़क मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सके। इसी दौरान तहसीलदार विजय कोठारी, नगर पंचायत सीएमओ सचिन गुप्ता, पुलिस विभाग से थाना प्रभारी शिव चंद्रा विशेष रूप से नगर भ्रमण कर सड़क किनारे स्थित हॉटल, ठेला एवं दुकानों के सामने लगे टिनशेड हटाने दुकानदारों से स्वयं मिलकर उन्हें निर्देशित करते नजर आए। साथ ही 24 घण्टे का अल्टीमेटम देकर दुकानदारों को नोटिस भी थमाया गया है। जिससे स्थानीय दुकानदारों में हड़कम्प मच गया है।

**प्रशासन ने की मार्किंग**

स्थानीय दुकानदारों को नोटिस थमाने के बाद बुधवार शाम को राजस्व विभाग के पटवारी एवं नगर पंचायत का अमला डोंगरगांव सड़क मार्ग के दोनों ओर टेप से नापजोक करते हुए सफेद चूने से मार्किंग की है।

**दी है नोटिस**

सड़क मार्ग को व्यवस्थित करने लगभग 92 दुकानदारों को नोटिस थमाया गया है।

सचिन गुप्ता, सीएमओ

### समारोह 25 से

**सड़क अतरिया।** गुरु घासीदास जयंती पर गांव- गांव में मेला मंड़ई का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में 25 दिसंबर को भरदा गोड़ तथा 26 को बेलगांव में घासीदास जयंती मनाया जाएगा। इस मौके पर जैत खाम में पाला चढ़ा कर बाबा की पुजा अर्चना किया जाएगा। मंड़ई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

---

समर्थन मूल्य पर 9779 किसानों ने बेचा 477574 क्विंटल धान

# ब्लॉक में एक अरब से उपर की धान खरीदी, मिलर्स ही उठा रहे धान

## सबसे ज्यादा कामठा समिति और सबसे कम आमदनी में हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समर्थन मूल्य ब्लाक के 11 धान खरीदी केंद्रो में एक नवंबर से 9 हजार 779 पंजीकृत किसानों ने 4 लाख 77 हजार 574 क्विंटल धान बेच चुके है इसमें 99131.20 मोटा, 141551.60 पतला और 236891.60 क्विंटल सरना प्रजाति का धान है। खरीदे धान का एक अरब चार करोड़ से उपर का भुगतान भी किसानों को किया गया है जबकि 41 करोड़ 27 लाख 91 हजार 536 रूपए की लिंकिग वसूली हो गई है। ब्लाक में सबसे ज्यादा 1115 किसानों से 52826.90 क्विंटल कामठा समिति मे और सबसे कम 599 किसानों से 28644 क्विंटल धान खरीदी आमदनी समिति मे हुई है।

अमलीपारा समिति में 1039 किसानों से 50440.80 क्विंटल, गाड़ाडीह मे 997 से 45500 क्विंटल, आमदनी में 543 से 28950.40 क्विंटल, बढ़ईटोला में 1068 किसानों से 52421.20 क्विंटल, टोलागांव में 1122 से 51580.80 क्विंटल, डोकराभाठा में 547 से 36088 क्विंटल, सलोनी मे 1160 से 46312.80 क्विंटल, जालबांधा मे 869 से 43856.40 क्विंटल और मड़ौदा केंद्र में 720 किसानों से 39953.20 क्विंटल अलग-अलग किस्म की धान खरीदी हुई है। परिवहन को लेकर जानकारी अनुसार अभी भी खरीदी केंद्रो में मिलर्स ही धान उठा रहे है। खरीदे धान में 245400 क्विंटल का उठाव हुआ है जबकि 232175 क्विंवटल धान परिवहन की बाट जोह रहा है।



### 13 लाख क्विंटल अधिक होगी खरीदी

बीते साल की तुलना में जिले में धान बेचने 4 हजार 899 किसान बढ़े है जिसके चलते 1 लाख 68 हजार 123 पंजीकृत किसानों ने इस साल 1 लाख 85 हजार 928 हेक्टेयर में धान बोया है। धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य बीते साल 68 लाख मैट्रिक टन था, लेकिन पहले 5 क्विंटल प्रति एकड़ और अब 1 क्विंटल में वृद्धि के चलते 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदने के निर्णय साथ 13 लाख क्विंटल अधिक धान खरीदी का लक्ष्य है।

### कलेक्टर ने जारी किया है निर्देश

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों और समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि धान बेचने केंद्र में किसानों कोई असुविधा न हो, धान साफ सुथरा और आद्रता 17 प्रतिशत से कम हो इसका ध्यान रखे। गौरतलब है कि धान खरीदी को लेकर जिले के 39 समिति अंतर्गत आने वाले 51 केन्द्रों में समर्थन मूल्य में धान खरीदी हो रही है। किसानों की सुविधा को देखते हुए 6 नवीन केन्द्र अमलीडीह, काशीटोला, मोहगांव, सुखरी, ठेलकाडीह और महरूमकला में खोला गया। केन्द्रों की सतत निगरानी और व्यवस्था बनाए रखने नोडल नियुक्त किया गया है। धान खरीदी को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खरीदी से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि किसानों को टोकन, बारदाना और धान बिक्री में कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखे। सभी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश देते हुए कलेक्टर ने सुगम धान खरीदी करने कहा है।

---

# रकबा सुधार में तेजी लाने कलेक्टर से मिले सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धान पंजीयन में फसल रकबा सुधार को लेकर जिले के किसान धान पंजीयन और रकबा में अंतर के कारण तहसील कार्यालय में भटक रहे हैं। धान पंजीयन और रकबा में अंतर के कारण परेशान किसानो की बात रखने जिपं सभापति विप्लव साहू, किसान नेता खेमराज जैन सहित अन्य किसानों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा को ज्ञापन सौंपकर समस्या निराकरण की मांग की है। जिपं सभापति श्री साहू सहित अन्य ने बताया कि पंजीयन वारिसान और रकबा सुधार को लेकर किसान खैरागढ़ और छुईखदान के तहसील कार्यालय में भटक रहे हैं। तहसील कार्यालय मे किसानों से रिकार्ड व्यवस्थित करने के नाम पर रिश्वत लेने की शिकायतें मिल रही है। इस पर तत्काल रोक लगाते हुए प्रक्रिया को सरलीकरण करने की मांग के साथ कहा कि बेमौसम बारिश के चलते किसानों को धान बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। खरीदी केंद्रों में लिमिट से ज्यादा धान जाम है इस स्थिति में किसान जब टोकन कटाने के समितियो में जाते हैं तो समिति कर्मचारी जगह नहीं होने का हवाला देकर जल्दी टोकन जारी नहीं कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि धान खरीदी के लिए सिर्फ 30 दिन का समय बचा हुआ है और अभी भी लगभग 600 आवेदन रकबा सुधार का लंबित है। कलेक्टर गोपाल वर्मा से उन्होंने प्रक्रिया में तेजी लाने और किसानों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने से बचाने की मांग करते हुए समस्या निराकरण करने कहा है। सुधार को लेकर दर्जनों बार किसान को पटवारी और तहसील आफिस का चक्कर काटना पड़ रहा है। धान खरीदी शुरू होने के बाद से ही उन्होंने तहसील कार्यालय मे रकबा सुधार संबंधी निर्धारित आवेदन सारे आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर दिया है लेकिन आवेदनों पर कारवाई नहीं हो रही है।

### समिति और विभाग के पोर्टल में अंतर

समर्थन मूल्य पर धान बेचने से पहले किसान सीएससी सेंटर में आनलाईन एंट्री कराने के बाद संबंधित समिति में पंजीयन संबंधी प्रपत्र जमा करते है। यह प्रक्रिया हर साल धान खरीदी शुरू होने के महीने दो महीने पहले से शुरू हो जाती है और किसान नए पुराने समिति सदस्य के रूप मे नामित हो जाते है। इस बीच राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी या हल्का पटवारी के माध्यम से संबंधित रकबा का मिलान कराकर विभागीय पोर्टल में जानकारी संकलित की जाती है। खरीदी चालू होने के बाद किसान निर्धारित रकबा अनुसार धान लेकर समिति पहुंचते है तो समिति और राजस्व विभाग के पोर्टल में अंतर के चलते धान खरीदी नही हो पाती और किसान को रकबा संशोधन के लिए राजस्व कार्यालय आना पड़ता है। ब्लाक के दर्जनभर से ज्यादा गांवों में यही स्थिति बनी हुई है कि समिति और राजस्व विभाग के पोर्टल में रकबा कम ज्यादा दिखाने के कारण किसान परेशान होकर तहसील आफिस का चक्कर काट रहे है।

---

# हितग्राहियों के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर बना मिशाल

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज जिले के 8 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों ने शिविर में उपस्थित होकर नागरिक गणों की समस्याओं को सुना, वही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेकों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित की हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से योजना से मिले लाभ और उनके जीवन में आये परिवर्तन के संबंध में अपनी बात रखी। एलसीडी प्रोजेक्टर वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीति, योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों जानकारी प्रदर्शित किया गया। माटी कहे पुकार के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से धरती की सुरक्षा करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने की प्रस्तुति दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अनेकों ऐसे हितग्राही जो योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे हैं, उनके लिए सार्थक साबित हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर एक मिसाल बना है, जो हितग्राहियों के लिए योजनाओं का लाभ लेने के लिए मददगार साबित हुआ है। आज प्रथम पाली में सुबह 9 बजे से मोहला विकासखंड के मोहला में, मानपुर के पानाबरस में एवं अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आड़ेझर एवं मांगाटोला में शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से मोहला के कुंजामटोला में, मानपुर के तोलूम में एवं अंबागढ़ चौकी के गोपलिनचुआ एवं कौडुटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



### योजनाओं से हुए लाभांवित

शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहकर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। मोहला में आयोजित अनुविभागी राजस्व अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कंचना वाल्दे, मानपुर में आयोजित शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित नाथ योगी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहम्मद हनीश खान, अंबागढ़ चौकी में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियवंदा रामटेके सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।


---

### बच्चों ने किया गुरुद्वारा बंदी छोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड का भ्रमण

**राजनांदगांव।** एरोन जेंसन मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने आध्यात्मिक महत्व को समझने गुरुद्वारा बंदी छोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड का भ्रमण किया। गुरुद्वारा में शालीनता तथा शांति के साथ प्रवेश करते बच्चे अनुशासित ढंग से एकत्रित हुए। उन्होंने वहां पर गुरुवाणी तथा गुरुवचनों को सुना तथा माथा टेककर प्रार्थना भी की। बच्चों की शिक्षा और अच्छी सेहत के लिए अरदास भी किया गया। गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह जी ताज ने बच्चों को गुरुद्वारा से संबंधित सभी जानकारी दी तथा श्री गुरुग्रंथ साहब के महत्व को भी बताया। गौरतलब है कि सभी बच्चों को चॉकलेट और बिस्किट दिया गया और सभी ने प्रसाद के रूप में लंगर भी ग्रहण किया। स्कूल के लगभग 200 बच्चों ने इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए। गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह जी ताज ने सिख धर्म के बारे में जानकारी दी तथा बच्चों का ज्ञानवर्धन भी किया।

---

# साहित्य वाचस्पति बक्शी की स्मृति में हुई जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

साहित्य वाचस्पति डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की स्मृति में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बक्शी जी का हिंदी साहित्य में योगदान विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में अलग-अलग स्कूलों के 188 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इकरा फाउंडेशन व शांतिदूत संस्था के संयोजन में राष्ट्रगान बाद परीक्षा का आयोजन किया गया। साहित्यकार बालकृष्ण गुप्ता गुरु ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा आयोजन मे शिक्षक अनुराग सिंह, सुनील गुनी, दावेन देशमुख, डॉ.मेधाविनी तुरे, रवि वैष्णव, इकरा फाउंडेशन के शमशुल होदा खान, शांतिदूत संस्था संयोजक अनुराग शांति तुरे, याकूब खान, मनोहर सेन, आमीन मेमन, सहित अन्य का सहयोग रहा।

### पुण्यतिथि पर होगा सम्मान समारोह

जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को साहित्य वाचस्पति की पुण्यतिथि आगामी 28 दिसंबर को अंबेडकर चौक में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। जहां प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित विजयी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार सहित प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

---

# चिखली ने बेमेतरा को किया बाहर, बालिका वर्ग में जमातपारा की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी प्रीमियर लीग के तीसरे दिन बालिका और बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी टीम को जीताने पूरी शिद्दत से खेला। बुधवार को तीन मुकाबलों में बालिका वर्ग से जमातपारा, बालक वर्ग से रायपुर ने 21 गोल कर एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं शहर के चिखली की टीम ने बेमेतरा की टीम को हराकर मुकाबले से बाहर कर दिया। इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल अतिथियों ने आयोजन को सराहा और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

गौरव पथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित राजनांदगांव हॉकी लीग का यह दूसरा साल है। रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी ने इस स्पर्धा के मार्फत छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों को तराशने का जिम्मा उठाया है। ग्रास रूट पर हॉकी के खेल की सही तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों की जानकारी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को हासिल हो रहा सबसे बड़ा पहलू है। स्पर्धा में अंपायर की भूमिका इंदरपाल सिंह, सौरभ श्रीवास, चंद्रहास साहू, गुमान साहू ने निभाई। छग हॉकी और जिला हॉकी एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित हॉकी लीग में बुधवार को अतिथि के तौर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, ऋषिदेव चौधरी, आकाश चोपड़ा, शिव वर्मा, ललित नायडू, तथागत विजय पांडे, दीपक सिंह ठाकुर, अनीता शाह, दिव्या सिंह, अवनीत कौर भाटिया, सुनीता सिंह, राजू वर्मा, वेंकटेश राव, प्रिंस राजपूत, शुभम पांडे, देवेश तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, शिवनारायण धकेता, नीलमचंद बैद, कुमार स्वामी, रणविजय प्रताप सिंह, छोटेलाल रामटेके, भागवत यादव, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, सचिन खोब्रागढ़े, शकील अहमद, अमित माथुर, अनीश रजा, आशीष सिन्हा, दीपेश चौबे, हारून खान, पीयूष वर्मा, अनिंद्य सक्सेना उपस्थित रहे।



### रायपुर ने दर्ज की एकतरफा जीत

बुधवार को एस्ट्रोटर्फ में खेले गए मुकाबले दिलचस्प रहे। बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में जुटे थे। पहला मैच बालिका वर्ग की टीम जमातपारा बनाम राजीव नगर खेला गया। इसमें जमातपारा ने 5 व राजीव नगर के खिलाड़ियों ने 4 गोल दागे। जीत के साथ ही जमातपारा की टीम मुकाबले में आगे बढ़ गई है। दूसरा और तीसरा मैच बालक वर्ग की टीमों के बीच खेला गया। दूसरे मुकाबले में रायपुर ने रिकॉर्ड 21 गोल मारकर मोतीपुर को 20 गोल के अंतर से हराया। इस मुकाबले में शहर के चिखली की टीम ने बेमेतरा जिला की टीम को हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। इस मुकाबले में चिखली ने 9 व बेमेतरा ने महज 2 गोल दागे।

### आज के मुकाबले

गुरुवार को 12.30 बजे से मुकाबले शुरू होंगे। पहला मैच बालिका वर्ग में लाखोली बनाम जमातपारा के बीच खेला जाएगा। इसके बाद बालक वर्ग में दुर्ग बनाम चिखली और दीवानपारा बनाम मोतीपुर के मध्य खेला जाएगा।

---

### निर्माणाधीन मकान से चोरी, आरोपी पकड़ाए

**खैरागढ़।** मकान बनाने संबंधी सामग्रियों की अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर लिया था। इस मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। प्रार्थी गिरवर पटेल पिता स्व. नोहर पटेल 48 साल निवासी पिपरिया वार्ड नं.1 ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ठेकेदारी में काम लेकर निर्माण काम कराता है। जिनका काम ग्राम संडी के मानिक पटेल के मकान निर्माण हेतु ठेका लिया था। जिसका मकान तुरकारीपारा खैरागढ़ में निर्माणाधीन है। 19 दिसंबर की शाम साढ़े पांच बजे मजदूरों से काम करवाकर दरवाजा में ताला लगाकर चले गए थे। निर्माणाधीन मकान के अंदर मकान बनाने में उपयोग आने वाले सामान कटर मशीन 1 नग, सिलाब प्लेट 10 नग, सेट्रिंग शिकंजा 10 नग कीमती करीबन 20,000 रुपए तथा पलम्बर कार्य करने वाले अशोक वर्मा ग्राम मुतेड़ा निवासी का गैलेंड्रर मशीन 1 नग, ड्रील मशीन 1 नग, छिनी हथौड़ा कुल 7000 रुपए जुमला कीमती 27,000 रुपए का सामान रखा हुआ था। प्रार्थी 20 दिसंबर को 9 बजे काम लगाने निर्माणाधीन मकान में आकर ताला खोलकर देखा तो अंदर रखे उक्त सामान नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा बांस से बनाए चैली बाड़ में चढ़कर निर्माणाधीन मकान के अंदर प्रवेश कर कमरा में रखे सामान को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में अज्ञात चोरों के सुराग के लिए निरीक्षक राजेश देवदास द्वारा उपनिरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया, संदेहियों से पूछताछ किया गया। इसी दौरान संदेही केशव उर्फ राजा सारथी पिता कलिन्द्र सारथी 28 साल निवासी वार्ड नं. 8 तुरकारीपारा, भोजराम पटेल उर्फ भोला पिता दिनेश उर्फ बहुदा पटेल 18 साल 4 माह निवासी वार्ड नं. 8 तुरकारीपारा से पूछताछ पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया।


---

## समसामयिक विषयों पर किया मॉडल प्रदर्शन

# अल्फा स्कूल के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के दाऊचौरा वार्ड मे संचालित अल्फा नेशनल मॉडल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। पुलिस कप्तान सुश्री अंकिता शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। शांतिदूत संस्था संयोजक अनुराग शांति तुरे, समाजसेवी शमशुल होदा खान, याकूब खान, मनोहर सेन, डॉ.घनश्याम ढेकवारे, कपिनाथ महोबिया, अरमान उल हक, जयप्रकाश देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे। प्रदर्शनी में संस्था के छात्र-छात्राओं ने समसामयिक व ज्वलंत मुद्दों पर मॉडल प्रदर्शन किया। चंद्रयान-3, ज्वालामुखी विस्फोट, वर्षा चक्र क्रम सहित अलग-अलग तरह से होने वाले हानिकारक प्रदूषण जैसे अहम व ज्वलंत मुद्दों पर अपना मॉडल प्रदर्शित किया जिसे सभी ने सराहा। एसपी अंकिता शर्मा ने प्रदर्शनी में शामिल बच्चों से कहा कि पढ़ने के साथ खेलना जरूरी है और खुश रहकर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना भी जरूरी है। उन्होंने नव वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। शांतिदूत संस्था संयोजक अनुराग शांति तुरे ने वर्तमान समय में विज्ञान की अहमियत, भारत के वैज्ञानिक पहलू और प्रदर्शनी से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए और बेहतर कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन में संस्था की प्रिंसिपल नुसरत बानो कुरैशी, शिक्षिका रौशनी निर्मलकर, श्रेया सिंह, श्वेता यादव, प्रीति वर्मा, रोमा निर्मलकर, रूपा यादव, नफीसा बानो मेमन, नौशीदा अली सहित लेखा देवांगन व सोनी देवांगन का योगदान रहा।



## सार समाचार

### भागवत महापुराण कथा कल से

**जेवरतला रोड।** ग्राम जेवरतला रोड में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन साहू परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 22 दिसंबर से रखा गया है। प्रवचनकर्ता पं. केशव शर्मा (छोटे महाराज) खामभाट वाले होंगे। प्रथम दिन 22 दिसंबर को कलश यात्रा एवं गोकर्ण पूजा होगी, 23 दिसंबर को भागवत कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म 26 को कृष्ण जन्म उत्सव, बाल लीलाए दही लूट, 27 को रुखमणी विवाह, 28 को सुदामा चरित्र और 30 दिसंबर को गीता अमृत तुलसी वर्षा होगी।

### वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर आज से

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह नवंबर का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में कल 21 दिसंबर से 17 जनवरी तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 21 दिसंबर को वार्ड नं. 01 के लिए साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव, वार्ड नं. 2 हेतु लोधी भवन व वार्ड नं. 4 हेतु पंचायत भवन नया ढाबा तथा पुराना ढाबा स्कूल के पास मंच में, 22 दिसंबर को वार्ड नं. 3 व 8 के लिए मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन एवं वार्ड नं. 11 के लिए ओवरब्रिज के नीचे आंगनबाड़ी तथा 23 दिसंबर को वार्ड नं. 5 हेतु शीतला मंदिर चिखली, वार्ड नं. 6 हेतु चिखली स्कूल, वार्ड नं. 10 हेतु शिव मंदिर शांतिनगर व वार्ड नं. 14 हेतु वेसलियन स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है।


**शेष वार्डों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा**

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर माह नवंबर 2023 की पेंशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

# निर्माण कार्य समय-सीमा में करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आयुक्त ने तकनीकी अधिकारियों की ली बैठक



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता मंगलवार को अपने कक्ष में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी अधिकारियों से शहर में चल रहे निर्माण कार्यों एवं योजना के कार्यों के प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में विकसित भारत संकल्प यात्रा निगम सीमाक्षेत्र में आना है, इसके लिए आवश्यक तैयारी करने निर्देशित किया।

बैठक में आयुक्त गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य की जानकारी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक निधि, सांसद निधि, महापौर पार्षद निधि के अलावा अन्य योजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी स्वीकृत कार्य सभी ठेकेदारों से जल्द प्रारंभ कराएं, जो ठेकेदार लंबे समय से कार्य नहीं कर रहे है या कार्य प्रारंभ नहीं किए है, उन्हें नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों की निविदा जारी हो चुकी है, उन निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराएं तथा जारी कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराएं। विधायक-सांसद निधि के स्वीकृत कार्यों की कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने सभी उप अभियंताओं से कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्डों के विकास कार्यों की सतत मानिटरिंग करें, कार्य की प्रगति तथा अन्य समस्या के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। कार्य में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें। उन्होंने सभी तकनीकी अधिकारियों से कहा कि सभी अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करें और निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिकायत न हो इसका विशेष ध्यान रखेंगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा शासन की प्रमुख योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। उक्त यात्रा आगामी माह में निगम सीमाक्षेत्र में प्रस्तावित है। जिसकी तैयारी करें एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

व्यवस्था के तहत संकल्प यात्रा के दौरान योजना के संबंधी स्टाल एवं प्रचार-प्रसार के अलावा अन्य व्यवस्था की तैयारी करने निर्देशित किया। बैठक में प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र. सहायक दिलीप मरकाम व पिंकी खाती, उप अभियंता सुषमा साहू, ज्योति साहू, गरिमा वर्मा, दीपक महला, अशोक देवांगन, अनुप पाण्डे, तिलकराज ध्रुव, अनिमेष चंद्राकर, आयुषी सिंह, डागेश्वर कर्ष उपस्थित थे।

# विपक्षी दलों ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



उड़ीसा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शरत पटनायक, नेशनल कोडिनेट उड़ीसा प्रभारी अब्दुल कलाम खान और विपक्ष के 16 राजनीतिक दलों ने मंगलवार को उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सभी दलों के नेताओं ने लोकसभा, राज्यसभा में चल रहे गतिरोध के बीच विपक्ष के सांसदों के निलंबन की कार्रवाई को एक तरफा बताया।

इस दौरान नेशनल कोडिनेट उड़ीसा प्रभारी अब्दुल कलाम खान भी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपे जाने के विषय को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान का चीरहरण कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में संवेदनशील मुद्दों पर संसद में सवाल पूछना भी गुनाह हो गया है। मोदी सरकार ने विपक्ष के लोकसभा के 95 व राज्यसभा के 46 सांसदों को सस्पेंड कर दिया, क्योंकि वो सवाल पूछ रहे थे। ये सरकार की तानाशाही को इंगित करता है। श्री कलाम ने कहा कि श्री मोदी के शासन में देश की सदन जब सुरक्षित नहीं है, उस देश की सीमा क्या सुरक्षित हाथों में है? सवाल पूछने पर तानाशाह चला रहे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह को सदन में आकर बयान देना चाहिए, उल्टा सवाल करने पर विपक्ष के सांसदों पर कार्रवाई कर रही है।






### घर के सामने रखे 25 कट्टा धान पार

**घुमका।** घुमका थाना क्षेत्र के खेत-खलिहानों में रखे हुए धान पर चोरों की नजर बनी हुई है। बीते कुछ दिनों से किसानों को चोरों ने हैरान कर रखा है। गत दिनों ग्राम बोटेपार से एक किसान के खलिहान से 9 कट्टा धान चोर ले उड़े। जिसकी रिपोर्ट घुमका थाना में दर्ज करा दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार घुमका क्षेत्र में चोरों का धान चोरी करने का सिलसिला जारी है। घुमका में मंगलवार की दरम्यानी रात पूर्व जनपद सदस्य एवं नोटरी अधिवक्ता के मौहारीभांठा स्थित आवास के बरामदे में रखा लगभग 25 कट्टा धान 40 किलो की भर्ती को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। बताया जा रहा है कि मकान में परिवार के सभी सदस्य थे, किन्तु इनको कानों-कान खबर तक नहीं लगी। प्रार्थी चंद्रेश वर्मा ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मामले का जांच जारी है। इधर टीआई विनय कुमार पम्मार ने कहा कि मामले को संज्ञान में लिया गया है।










## खबर संक्षेप

### शाम ढलते ही नहरपारा में रोजाना बेरोक-टोक छलकाते हैं जाम

**हरिभूमि इंदौरी।** नगर पंचायत इंदौरी के नहरपारा में रोजाना शाम ढलते ही अस्थाई मयखाना जैसा नजारा रहता है। वहीं बेरोक-टोक असामाजिक तत्व व नशेड़ियो का जमावाड़ा लगा रहता है, जिसके बाद भी पुलिस टीम व जिम्मेदारों की अनदेखी व कार्यवाही नहीं होने के कारण के कारण असामाजिक तत्वों व नशेड़ियों का हौसले बुलंद होते जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश भर में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रशासनिक अमले ने अवैध चखना सेंटर पर बुलडोजर चलने के बाद अब गांव के अंदर जमकर खराबखोरी हो रही है। अगर शाम को औचक पुलिसिया कार्यवाही हुई तो रंगे हाथ कई असामाजिक तत्व को धर-चबोचा जा सकता है। वहीं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रोजना शाम ढलते ही गली-मोहल्ले में जमकर अवैध रुप से खराबखोरी का सिलसिला प्रारंभ होता है, जो देर रात तक चलता रहता है। यह नजारा रोजाना आसानी से देखने को मिलता है। जिस पर ग्रामीणों ने इस पर जल्द से जल्द लगाम लगाने व उचित कार्यवाही करने की मांग कि गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को राहत तथा शराब खोरी पर कार्यवाही की मांग की गई।

**बैठक:** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी

# भारत सरकार की योजनाओं से ग्रामीण व पात्र लोगों को जोड़ेः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में सभी जनपद पंचातयों के चिन्हांकित गांवो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने समय-सीमा की बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजनों और शिविरों की जानकारी ली। उन्होने कहा कि यह केन्द्र तथा राज्य शासन की सर्व प्राथमिकता वाली आयोजन है। चिन्हांकित गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलतापूर्वक आयोजित करें। इन सभी शिविरों में भारत सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दे। इसके साथ ही उन योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को सफलता की कहानियां भी बताएं, ताकि योजनाओं और योजनाओं के लाभ अन्य लोगों के कैसे मिल सके इसकी जानकारी हो सकें। कलेक्टर ने कहा कि इन शिविरों में आसपास के गावों के लोगों और पात्र लोगों को भी आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन, जीवन सुरक्षा और जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ से जोड़ें। बैठक में बताया गया कि यह सभी बीमा योजना आमजनों के आर्थिक एवं समाजिक लाभ के लिए बनाए गए है, ताकि विपरित परिस्थियों में आमजनों को इस लाभ मिल सके। कलेक्टर ने इस संकल्प यात्रा में राजस्व विभाग का स्टॉल लगाने और राजस्व की काम-काम की जानकारी भी देने के लिए कहा है। अलग से स्टॉल लगाकर अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, सीमाकंन, जैसे प्रकरणों का आवेदन लेने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्तर पर अनुविभगीय अधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर नागरिकों को कम्प्यूटराईजेशन और डिजिटाईजेशन आफ रिकार्ड के महत्व और लाभों के संबंध में जागरूक किया जाए। साथ ही नक्शा, खसरा, बीवन का निःशुल्क वितरण करने के निर्देश दिए।

### किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से अब तक मिला 348 करोड़ 35 लाख 40 हजार रूपए का भुगतान



कलेक्टर जनमेजय महोबे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित ग्रामवार शिविरों में भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि न्याय योजना की जानकारी देने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में कृषि उपसंचालक राकेश शर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 52 हजार 253 किसान और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के 63 हजार 865 कुल 1लाख 16 हजार 118 किसान पात्र है। इन सभी किसानों को प्रत्येक वर्ष सालाना 6 हजार रूपए प्रदान किया जाता है। साल में तीन किस्त दो हजार रूपए सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है। अब तक 15 किस्तों में कुल 348 करोड़ 35 लाख 40 हजार रूपए प्रदान किया जा चुका है। अगला 16वां किस्त जनवरी 2024 में प्रदान किया जाएगा।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



■ स्कूली छात्र-छात्राएं खेल-खेल में सीख रहे गुर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भालूचुवा में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हरिनछपरा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चनाकर व रिबन काटकर मुख्य अतिथि आनंद दास बघेल, सचिव रोहित कोसले, शाला प्रबंधक अध्यक्ष जलेश बघेल द्वारा उद्घाटन किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों द्वारा बालक-बालिकाओं ने संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें खो-खो, कबड्डी, 200 मीटर दौड़, फुगड़ी, रस्सी-कुद में विद्यार्थियों द्वारा शानदार खेल का प्रदर्शन किया गया।

वहीं इस संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सरपंच आनंद दास बघेल द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण जन माखन भारती, गोरेलाल सिन्हा, राजू चतुर्वेदी, कमलेश बंजारे एवं संकुल समन्वयक अखिलेश मिश्रा, शिक्षक तीजूराम धुर्वे, गेंदलाल कुर्रे, रामावतार डहरिया, हेमराय प्रसाद कोसले, चैनदास मानिकपुरी, उदय राजपूत, रामावतार गायकवाड़, शिक्षिका दुर्गा तिवारी, मोना यादव, सीमा झा, मंजू कुर्रे, नीतू पोर्ते तथा आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# चना व गेहूं फसल में बोर पंप के माध्यम से सिंचाई कार्य में जुटें किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अन्नदाता किसान इन दिनों अपने अपने खेतों में चना व गेहूं फसल की बुवाई के बाद अब बोर पंप के माध्यम से सिंचाई कार्य जोर-शोर किया जा रहा है। बता दे की धान फसल की कटाई-मिजाई करने के बाद अन्नदाता किसान अपनी-अपनी खेतों में चना व गेहूं की बुवाई हल तथा ट्रैक्टर के माध्यम से किया गया।

लेकिन ग्रामीण अंचलों में नहर-नाली की कोई साधन नहीं होने के कारण बोर के सहारे मोटर पंप से सिंचाई कर रहे हैं ताकि चना, गेहूं फसल जल्द अंकुरित होकर तैयार समय पर परिपक्व सके तथा चना व गेंहू फसल की अच्छी पैदावार हो सकें। जिनकी तैयारी अंचल के ग्रामीण जिसमें ग्राम दौजरी, जेवडन खुर्द, सारंगपुर खुर्द, नाऊडीह, बरबसपुर, डबराभाट, सिंघनपुरी, राम्हेपुर व चंडालपुर के ग्रामीण किसान द्वारा जल सिंचाई की जा रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबू मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की कांग्रेस कमेंटी के आव्हान पर बाबू मोती लाल वोरा का पुण्यतिथि को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर के आदेशानुसार मनाया गया। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. मोतीलाल वोरा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किया जनहित कार्यों को याद करते हुए जयंती व पुण्यतिथि को सिंग्नल चौंक स्थित कांग्रेस भवन कवर्धा में मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यरूप से ईश्वर शरण वैष्णव, पीतांबर वर्मा, मोहित माहेश्वरी, राजकुमार तिवारी, रामचरण पटेल, उत्तरा दिवाकर, श्रीमती गंगोत्री योगी, श्रीमती प्रीति ठाकुर, सत्येंद्र वर्मा, शरद बांगली, नीलकंठ साहू, चोवा साहू, आनंद ठाकुर, शिवप्रसाद वर्मा, सनत जायसवाल, भागवत पटेल, पंचू कोसरीया, अमित वर्मा, तमन्ना मेहरा, रीना वासनिक, नरेंद्र चंद्रवंशी, आनंद साहू, परमेश्वर मानिकपुरी, लालचंद साहू, पूरननाथ योगी, चंद्राभान कोसले, मनीकांत त्रिपाठी, गोपाल चंद्रवंशी, वाल्मीकि वर्मा, शितेश चंद्रवंशी, शिव गायकवाड, आशीष ठाकुर, मो. एशान, चंद्रभान टंडन, प्रदीप यादव, श्यामलाल धुलिया,टीकम शर्मा, गोरेलाल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तथा सदस्य गण उपस्थित थें।

## संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी भोरमदेव मंडल शक्ति केंद्र महाराजपुर अंतर्गत ग्राम डगनिया में संकुल स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में मंडल के मंडल अध्यक्ष गुलाब साहू, महामंत्री रमेश जायसवाल, प्रहलाद पटेल, शाला प्रबंध समिति सदस्य नरसिंह साहू, डेरहा साहूर ग्राम सरपंच सूरज श्रीवास, महेश कुंभकार, अजय कौशिक उपस्थित थें। इस संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिमा में आसपास के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं विजय प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## निधन

### लतेल चंद्राकर

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम केसली निवासी लतेल चंद्राकर का



आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम केसली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. लतेल चंद्राकर के अंतिम संस्कार में ग्रामवासी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई। स्व. श्री चंद्राकर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चले गए जिससे चंद्राकर परिवार व क्षेत्रवासियों में शोक व्याप्त है।

### संकल्प यात्रा से हजारों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का 26 ग्राम पंचायतो में सफलता पूर्वक आयोजन हो चुका है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के हजारों व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। यात्रा में आयोजित शिविर के दौरान 1 हजार 140 व्यक्तियों का सिकल सेल जांच, 1 हजार 790 व्यक्तियों का टीवी जांच सहित 3 हजार 790 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में अभी तक आयोजित शिविरों में 309 लाभार्थियों का प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पंजीयन करते हुए 18 ग्राम पंचायतो को शपथ प्रतिशत डिजिटल लैंड रिकॉर्ड से जोड़ा गया है। 18 ग्राम पंचायत में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड का निर्माण कर वितरण हो गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के द्वारा आईईसी वैन के माध्यम से गांव-गांव में संकल्प यात्रा आयोजित हो रहा है। इस दौरान विभिन्न केंद्रीय योजनाओं से हितग्राही मूलक योजना को लोगों तक पहुंच रही है। आईईसी वैन के द्वारा धरती कहे पुकार के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जा रहा हैं।

# पंडरिया महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया में बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी चन्द्रहास सिंह राजपूत द्वारा विकसित भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सभी छात्र-छात्रओं को विशेष रूप से पांच थीम में अपने विचार देने प्रोत्साहित किया गया, इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी द्वारा विकसित भारत 2047 पर भी अपने विचार प्रस्तुत किया गया एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को फीडबैक फॉर्म भरवारा गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एमएस राजपूत, दिनेश कश्यप, ओमप्रकाश, चित्रसेन ठाकुर, अलेख पटेल एवं भोलाराम धृतलहरे सहित अतिथि व्याख्याता व कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से अभिमंत्रित अक्षत का किया वितरण



**हरिभूमि कवर्धा।** सहसपुर लोहारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मुंगेली डीह में बुधवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से अभिमंत्रित अक्षत का वितरण 31 मंडल में किया जा रहा है। जिसके संयोजक सहसंयोजक और रामभक्तों द्वारा की गई। जिसमें मंडलों से प्राप्त अक्षत को मंडल के अन्तर्गत आने वाले गांवों को अभिमंत्रित अक्षत वितरित की गई। इस अक्षत कलश व पोस्टर को गांव गांव में प्रत्येक घरों में 01 से 15 जनवरी 2024 तक वितरण किया जाएगा। साथ अयोध्या धाम में होने वाले 22 जनवरी 2024 प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने के लिए निवेदन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक गांव मे सामाजिक सद्भाव के साथ गांवों के प्रमुख मंदिरो में आयोजन होगा। जहां प्रत्येक घरों से माताएं-बहनें थाल सजाकर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना व आरती करेंगे। गांव में प्रत्येक घर दीपदान हो हर गांव हर शहर में दीपावली मनाए ऐसा आह्वान किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र० अ 2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गौतमीदास पति अडगडियादास, निवासी ग्राम वार्ड नम्बर 20 पोंड़ी, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम पोड़ी, प.ह.नं. 20 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 149/68 रकबा 0.014 हे. भूमि का कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 05/01/24 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 19/12/23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक - 19/12/2023

पेशी दिनांक - 05/01/2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोडला

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र० अ 2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमेश्वर चन्द्रवंशी पिता दादूराम निवासी ग्राम मानिकपुर, तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम पोड़ी, प.ह.नं. 20, तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 190/9 रकबा 0.016 है, भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन (कॉम्पलेक्स) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोका संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो ये स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 05/01/24 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 19/12/2023

पेशी दिनांक 05/01/2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोडला

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र० अ 2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोकुल चन्द्रवंशी पिता बेनी राम, निवासी ग्राम सारंगपुरकला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा अपने नाम की भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम पोड़ी, प.ह.नं. 20, तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 190/8 रकबा 0.016 हे. एवं ख.नं. 190/17 रकबा 0.001 है, भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन (कॉम्पलेक्स) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 05/01/2024 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक - 19/12/2023

पेशी दिनांक - 05/04/2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोडला

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8085076969

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस का आयोजन 25 को

**कवर्धा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जो एक सप्ताह तक चलेगा। सुशासन दिवस में सभी ग्राम पंचायतो में पूर्व से निर्मित अटल चौक में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की उपस्थित में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल के उपरांत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्देश राज्य शासन से प्राप्त हुआ है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतो को निर्देश दिए गए हैं और कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है।

### प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव महराजपुर में कक्षा 6वी (रिक्त सीट अनु.जनजाति 28, अनुसूचित जाति 05 अन्य 02) एवं कक्षा 9वीं (रिक्त सीट अनुसूचित जनजाति 02, अनुसूचित जाति 02) में रिक्त सीट पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 17 फरवरी 2024 शनिवार को 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त परीक्षा के लिए आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 05 फरवरी 2024 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में जमा करना होगा। प्रवेश के लिए सत्र 2023-24 के परीक्षा (5वीं/8वीं) में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रा को ही पात्रता होगी। आवेदन का प्रारूप शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में उपलब्ध है।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 22 दिसंबर को

**कवर्धा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरुचि पैदा करने व वैज्ञानिक ज्ञान और अनुभव का विस्तार करने के लिए बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी लगाई जा रही है। विद्यालय स्तर पर 11 दिसंबर, जिला स्तर पर 13 दिसंबर, संभाग स्तर पर 15 दिसंबर को यह आयोजन हो चुका है। अब राज्य स्तर पर 22 दिसंबर को बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसकी थीम साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सोसायटी है।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन 26 दिसंबर तक

**कवर्धा।** राजीव युवा उत्थान योजना 2019 अंतर्गत एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, व्यापमं जैसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जिले में संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के लिए वर्ष 2023-24 में 100 अभ्यर्थियों को निजी कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्रदान कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण देने आवेदन मंगाए गए हैं।

---

### शिकायत: त्रस्त संचालकों ने ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर से लगाई गुहार

# घटिया चावल वितरण पर सरकारी राशन दुकान संचालकों से विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना और केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री मुफ्त राशन वितरण योजना के तहत जिले के पात्र हितग्राहियों को सरकारी उचित मूल्य की दुकानो से हर माह उनके कोटे का चावल तो दिया जा रहा है लेकिन हितग्राहियों का आरोप है कि सरकारी उचित मूल्य की दुकानो से उन्हें जो चावल दिया जा रहा है वह घटिया दर्जे का है।

इसके अलावा इन सरकारी उचित मूल्य की दुकानो से वितरित सरकारी चावल में नकली चावल के मिलावट की भी जानकारी पूर्व में सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि इस तरह की शिकायतों के चलते अक्सर हिग्राहियों और उचित मूल्य की दुकान संचालकों के बीच टकराव, तू-तू मैं-मैं तथा वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

ऐसी ही शिकवा शिकायतें और वाद विवाद की स्थिति इन दिनो जिले के विकासखण्ड स. लोहारा में संचालित सरकारी राशन दुकानों में देखने को मिल रही है। जिससे त्रस्त होकर अब शासकीय राशन दुकानदार और विक्रेता कल्याण संघ ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर से गुहार लगाई और समस्या के समाधान की मांग की है। अपनी समस्या लेकर बुधवार को जिला कार्यालय पहुंचे विकासखण्ड स. लोहारा के शासकीय राशन दुकानदार और विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत अधिकांश पीडीएस की दुकानों में इन दिनों नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा घटिया क्वालिटी का चावल सप्लाई किया जा रहा है और यही चावल पात्र हितग्राहियों को वितरण किए जाने पर उपभोक्ताओं द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुए शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों से अनावश्यक वाद विवाद किया जा रहा है। जिससे संचालक परेशान है। संचालकों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस बात को संज्ञान में लेते हुए समस्या का समाधान किया जाए और राशन दुकानो में गुणवत्ता युक्त चावल की सप्लाई की जाए।



**चावल लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे संचालक**

अपनी बात शिकायत को पुख्ता तौर पर साबित करने के लिए स. लोहारा क्षेत्र के शासकीय राशन दुकानदार और विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारी अपने साथ नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दुकानो में सप्लाई किए गए चावल को लेकर पहुंचे थे। ताकि वह यह पुख्तास कर सकें कि न तो हितग्राहियों के आरोप गलत है और न ही उनकी शिकायत झूठी है। बहरहाल देखने वाली बात होगी की प्रशासन इस मामले में आगे क्या कार्यवाही करता है।

**संघ ने ज्ञापन सौंपकर रखी जांच की मांग**

शासकीय राशन दुकानदार और विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने अपनी समस्या व मांग से संबंधित ज्ञापन कलेक्टर के नाम प्रशासन को सौंपते हुए मांग की है कि विकासखण्ड स. लोहारा की शासकीय उचित मूल्य की दुकानो में नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सप्लाई किए जा रहे चावल की जांच जिला खाद्य अधिकारी द्वारा कराई जाए और कार्यवाही की जाए।

---

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 25 वर्ष का सश्रम कारावास

- विशेष न्यायाधीश ने प्रकरण की सुनवाई के बाद सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के बोड़ला थाना में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 290/2020 धारा 363, 366, 376 (2)(एन, 376 (3) भादसं एवं धारा 4,6 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के एम मामले में विशेष न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 ने आरोपी के विरूद्ध दोष सिद्ध पाए जाने पर अलग-अलग धाराओं में 5 वर्ष एवं 20 वर्ष की सश्रम सजा और 1500 रूपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोड़ला थाना क्षेत्र की नाबालिग पीड़िता के पिता ने गत 9 अक्टूबर 2022 को बोड़ला थाना पहुंच कर रपट दर्ज कराई थी उसकी नाबालिग पुत्री 6 अक्टूबर 2022 को अपनी मां से दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहकर घर से निकली थी और फिर वापस नहीं आई। पीड़ित पिता की इस रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस को इस बात की जानकारी मिली की नाबालिग युवति को बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम चाहंता का निवासी दुर्गेश मेरावी पिता मेहतर सिंह मेरावी आयु 25 वर्ष बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया और नाबालिग युवति को उसके कब्जे से छुड़ाकर परिजनो के हवाले कर दिया। वहीं नाबालिग पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 290/2020 धारा 363, 366, 376 (2)(एन, 376 (3) भादसं एवं धारा 4,6 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विशेष न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 में प्रस्तुत किया गया। जहां दोनो पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश उदयलक्ष्मी सिंह परमार ने आरोपी के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाए जाने पर उसे अलग-अलग धाराओं में 5 वर्ष एवं 20 वर्ष की सश्रम सजा और 1500 रूपए के अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया है।

---

# खस्ताहाल मुख्यमंत्री ग्राम सड़क के निर्माण की मांग

## खस्ताहाल सड़क बढ़ा रही ग्रामीणों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव से बसनी, पेण्ड्री, हथमुड़ी मार्ग की हालत लम्बे समय से बेहद खस्ताहाल हो चुकी है जिसके चलते क्षेत्रवासियों को आवागमन के साथ ही फसल परिवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए लोगों ने शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग से तत्काल सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव से बसनी, पेण्ड्री, हथमुड़ी मार्ग का उपयोग कई गांवों के ग्रामीण, स्कूली बच्चे व किसान करते हैं और यह मार्ग सीधे मुंगेली जिले से जुड़ता है। लेकिन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योतना के तहत निर्मित कराई गई मार्ग की सड़क रखरखाव व मरम्मत के आभाव में पिछले कई वर्षो से खस्ताहाल पड़ी है। स्थिति ये है कि सड़क से डामर पूरी तरह से गायब हो चुका है और जगह-जगह गड्ढे निर्मित हो चुके है जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समय क्षेत्र में किसानो द्वारा गन्ना तथा धान का परिवहन किया जा रहा है लेकिन सड़क सही होने के कारण उन्हें कई प्रकार की परेशानी हो रही है। जिसे देखते हुए क्षेत्रवासी लगातार सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी इस मांग पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

जबकि मार्ग खराब होने के कारण यहां विपरीत परिस्थितियों में डॉयल 112 और एम्बूलेंस तक आने में असमर्थता जता रही है। ऐसे में क्षेत्रवासियों ने सत्ता परिवर्तन के बाद एक बार फिर क्षेत्रीय विधायक के साथ ही शासन, प्रशासन से विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव से बसनी, पेण्ड्री, हथमुड़ी मार्ग निर्माण की मांग की है।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में ग्रंथि पूजा 24 को

**कवर्धा।** श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में 24 दिसंबर को शुक्ल त्रयोदशी पर ग्रंथि पूजा कार्यक्रम होगा। इस दिन मंदिर में भगवान को मालपुआ का भोग चढ़ाया जाएगा। फिर वही भक्तों को प्रसाद स्वरूप बांटेंगे। मंदिर समिति पूजा कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। मंदिर में पिछले 25 साल से अधिक समय से ग्रंथि पूजा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीखेड़ापति मंदिर के पुजारी पं. चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि 24 दिसंबर को मंदिर में सुबह 6 बजे वेदी पूजा, कलश स्थापना, गौरी गणेश पूजा, नवग्रह मंडल पूजा और ग्रंथि पूजा की जाएगी। इसके बाद सुबह 7.30 बजे सामूहिक पूजा होगी। वहीं 11 बजे हवन फिर श्री खेड़ापति हनुमान जी को महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। मंदिर में रात 11.30 बजे तक ग्रंथि पूजा होगी। बताते हैं कि इस दिन कष्ट निवारण और मनोकामना के लिए विशेष पूजन होती है। विशेष पूजन के साथ ही पीला धागा में मंत्र पढ़कर 13 गांठ बांधते हैं।

---

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत संकुल छिरहा के बच्चों का संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बिरुटोला में सम्पन्न हुआ. इस प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच दुखिया जने पटेल, एसएमसी अध्यक्ष सेवक पटेल, गोपी पटेल, रामचंद, गोपी पटेल आदि की उपस्थिति में हुआ। संकुल प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों को ऊर्जावान बनाकर सफलता की ओर अग्रसर करने, प्रोत्साहित करने, स्वास्थ्य व शारीरिक स्थिति में सुधार, अनुशासन, सहयोग व सामाजिकता की भावना का विकास करने आदि उद्देश्यों को लेकर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें कबड्डी, खो-खो, रिले रेस, घड़ा दौड़, लम्बी कूद, रस्सी छलांग, गोला फेंक, फुगड़ी, त्रिटंगी दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, 100 व 200 मीटर दौड़, रस्साकस्सी आदि खेलकूद का आयोजन हुआ. संकुल समन्वयक मुरित खरे ने बताया कि संकुल के बाद विजयी विद्यार्थी जोन स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, तत्पश्चात ब्लॉक व जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगा। इस दौरान शिक्षकगण अनुज चन्द्रवंशी, राघव साहू, लाला गुप्ता, मूलचंद धुर्वे, रामेश्वरी राजपूत, देवदास धृतलहरे, भूपेंद्र चन्द्रवंशी, संजु वर्मा, क्षमा वर्मा, पुष्मनी पैकरा, संगीता शर्मा, मानकुंवर धुमकेति, भारती चन्द्रवंशी, अंकिता श्रीवास्तव, लिखुराम पटेल, टोपसिंह कोसले, मंजू साहू, लीलेश्वर साहू, श्रीधर शर्मा, पालकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### योजनाओं का प्रसार व लाभ देने निकाली विकसित भारत संकल्प यात्रा: सांसद



**कवर्धा।** जिले सहित पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांव-गांव में यात्रा का रथ पहुंच रहा है। जहां केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उज्जवला गैस कनेक्शन सहित विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रदेश संयोजक संतोष पांडेय ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। यह यात्रा देशभर में निकाली जा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आम जनता के परिवार के सदस्य की तरह हर चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। जब कोरोना का इतना बड़ा संकट आया तो केंद्र सरकार ने आपकी मदद करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। सांसद पांडेय ने बताया कि मोदी सरकार ने कोरोना के संकट के दौरान 20 करोड़ महिलाओं के बैंक खाते में हजारों करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। ये मोदी सरकार है जिसने हर व्यक्ति को कोरोना की मुफ्त वैक्सीन सुनिश्चित कराई। ये हमारी ही सरकार है जिसने कोरोना काल में हर गरीब को मुफ्त राशन की योजना शुरू की। ये हमारी ही सरकार है जिसने कोराना काल में छोटे उद्योगों को बचाने के लिए लाखों करोड़ रुपए की मदद भेजी। जहां दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरु हो जाती है। उन्होंने बताया कि गांव से गरीब व्यक्ति तक, शहर की झुग्गी-झोपड़ी तक सरकार के सभी लाभ पहुंचाने हैं और बिना मुश्किल पहुंचाने है। और इसलिए ये गाड़ी चल पड़ी है ये मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। आमजन के लिए है। तो आमजन इससे ज्यादा से ज्यादा जुड़िए, इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

---

# अवैध भंडारित खाद पर कृषि विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कृषि विभाग के जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक दल ने बड़ी कार्यवाही की है। कृषि विभाग के उप संचालक राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक दल ने 19 दिसंबर 2023 को कुण्डा में औचक निरीक्षण किया। जिसमें विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुण्डा अंतर्गत तहसील कार्यालय के पीछे पुराने शराब दुकान के गोदाम परिसर में 544 बोरी डीएपी खाद के बोरी अवैध रूप से भंडारित पाया गया। प्राप्त बोरी में मिनरल ग्रेन्यूल्स अंकित होना पाया गया है। आस-पास पता करने के उपरांत भंडारित खाद के मालिक का पता नही चलने पर उक्त खाद का अवैध परिवहन एवं विक्रय रोकने के लिए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 खंड 28 (1) (डी) के अंतर्गत समस्त भंडारित उर्वरकों को संबंधित परिसर में ही जब्ती करते कर गोदाम को सील बंद किया गया तथा थाना प्रभारी, कुण्डा को भी की गई कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है। अवैध रूप से भंडारित उर्वरकों पर भविष्य में भी लगातार कृषि विभाग द्वारा इसी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी।

---

### मन्दिर व जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली और समृद्ध की कामना की

# गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुईं विधायक भावना बोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा पंडरिया में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होंने यहां बाबा गुरुघासी दास मन्दिर एवं जैतखाम में पूजा अर्चना कर राज्य एवं विधानसभा की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद लिया। विधायक श्रीमती बोहरा का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पंथी नृत्य के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती बोहरा ने कहा कि बाबा के बताए सत्य के रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार हमारे पुरखो और महापुरषों के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करेगी। उन्होंने गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज के संदर्भ में और ज्यादा प्रसंगिक है। बाबा ने उस समय के समाज मे प्रचलित ऊंच नीच, भेदभाव, छुवाछुत का प्रबल विरोध किया। मनखे मनखे एक समान का का अवदेश दिया। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद से नही बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि विधायक के रूप में पहली बार जयंती समारोह में शामिल होने का मौका मिला है। बाबा गुरुघासीदास का जन्म 18 वी सदी में छत्तीसगढ़ की धरती में हुआ था। बाबा ने पूरे विश्व को मनखे मनखे एक समान का नारा दिया। उन्होंने कहा कि हम हर साल 18 दिसंबर को बाबा गुरुघासीदास की जयंती मनाते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत उपाध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि बाबा के आशीर्वाद से राज्य में सुख ,समृद्धि और शांति बनी रहे ऐसी मैं कामना करता हूं।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की पहली केबिनेट में 18 लाख गरीब परिवार लोगो का आवास स्वीकृत किया गया। उन्होंने बाबा गुरुघासीदास के उपदेशों के उपदेशों को आत्मसात करने, नशे से दूर रहने तथा आपसी भाईचारा और सद्भाव से रहने की बात कही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, चंद्र कुमार सोनी, नवल किशोर पांडेय, राम कुमार यादव, रविश ठाकुर, पवन तिवारी अनुराग ठाकुर आदि उपस्थित थे।

---

# पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत शिल्पकारों व कारीगरों को किया जाएगा लाभान्वित

- 18 प्रकार के कार्य करने वाले व्यक्तियों को किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, द्वारा 17 सितंबर 2023 से पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की किया गया है।

योजना अंतर्गत कुल 18 प्रकार के कार्य करने वाले व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिसमें बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राज मिस्त्री, टोकरी चटाई झाड़ू बनाने वाले, खिलौने बनाने वाले, नाई, धोबी, दर्जी, मछली जाल का निर्माण का कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों की विश्वकर्मा के रूप में पंजीयन कर, दो लाख रूपये तक रियायती ब्याज दर 5 प्रतिशत पर ऋण सहायता दी जाएगी। साथ ही राशि 15 हजार रूपए का टूलकिट प्रोत्साहन एवं डिजिटल लेनदेन प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए च्वाईस सेंटर के माध्यम से ऑनलाईन निःशुल्क आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन तिथि पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा पूर्व में किसी स्वरोजगार, व्यवसाय विकास योजना अंतर्गत लाभान्वित नही होना चाहिए। योजना का लाभ परिवार के एक ही सदस्य को मिलेगा। योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन ग्राम पंचायत, शहरी निकाय द्वारा किया जाएगा तथा जिला क्रियान्वयन समिति द्वारा द्वारा अनुशंसा उपरांत स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अनुमोदन किया जाएगा। योजना की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम से कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।